राजस्थान सरकार
आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: jdadmn.cce@gmail.com Ph.: 0141-2702247

क्रमांक : एफ.1( )प्रशा./आकाशि/डाक/2023/ दिनांक :

समस्त प्राचार्य,
राजकीय महाविद्यालय/कन्या महाविद्यालय/विधि महाविद्यालय (राजस्थान),
राज. स्कूल ऑफ आर्ट, जयपुर, राजस्थान संगीत संस्थान, जयपुर,
समस्त सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान।

विषय : राज–काज के माध्यम से ऑनलाईन पत्राचार (E-Dak) के सम्बन्ध में।
संदर्भ : विभाग के पत्रांक एफ.1( )प्रशा./आकाशि/डाक/2023/5824 दिनांक 31–01–2023 के कम में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि सन्दर्भित पत्र द्वारा विभाग के अधीन संचालित समस्त राजकीय महाविद्यालयों/कार्यालयों द्वारा आयुक्तालय से किया जाने वाला आवश्यक पत्राचार राज–काज के माध्यम से सम्बन्धित प्राचार्य/सहायक निदेशक की SSO ID से आयुक्तालय के संस्थापन अधिकारी (प्रशासन) की SSO ID RJDA199013017131 पर ऑनलाईन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था।

प्रायः देखा गया है कि राजकीय महाविद्यालयों/कार्यालयों द्वारा आयुक्तालय से किया जाने वाला आवश्यक पत्राचार (E-Dak) राज–काज के माध्यम से निर्दिष्ट SSO ID RJDA199013017131 पर किये जाने के साथ–साथ आयुक्त एवं आयुक्तालय के अन्य अधिकारियों की SSO ID पर भी किया जा रहा है जिससे कार्य में अनावश्यक व्यवधान उत्पन्न होता है। साथ ही कुछ ई–डाक ऐसी भी प्राप्त होती हैं जिनमें उल्लेखित संलग्नक प्राप्त नहीं होते हैं जिससे उन पर अग्रिम कार्यवाही किया जाना संभव नहीं हो पाता है। महाविद्यालयों द्वारा ई–डाक मैपिंग से सम्बन्धित पत्र भी प्रेषित किये जा रहे हैं। इस सम्बन्ध में ज्ञात रहे कि ई–डाक प्रेषित करने के लिए SSO ID मैपिंग की आवश्यकता नहीं है केवल महाविद्यालयों के स्तर से **Spreadsheet "Principal Details"** को अद्यतन किया जाना अपेक्षित है।

अतः इस सम्बन्ध में आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि आयुक्तालय से किया जाने वाला आवश्यक पत्राचार (E-Dak) आयुक्तालय के संस्थापन अधिकारी (प्रशासन) की SSO ID RJDA199013017131 पर ही मय संलग्नक भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।

(सुनील शर्मा)
आयुक्त

क्रमांक : एफ.1( )प्रशा./आकाशि/डाक/2023/ दिनांक :
प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, अतिरिक्त आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
3. वेबसाईट प्रभारी, आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर को ई–मेल हेतु।
4. रक्षित पत्रावली।

आयुक्त

Signature valid
Digitally signed by Sunil Sharma
Designation : Commissioner
Date: 2023.08.01 06:25:50 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4386250